## खबर संक्षेप

### फरार स्थाई वारंटी को जबलपुर से पकड़ा

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने 06 अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी अमित रोहरा को जबलपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमित रोहरा 27 वर्ष निवासी संतनगर सावरकर वार्ड के विरुद्ध विभिन्न न्यायालयों से 6 स्थाई वारंटी जारी थे। वह लंबे समय से अपनी गिरफ्तारी से बच रहा था। 17 जनवरी की रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी जबलपुर के बलदेवबाग इलाके में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली राखी पाण्डेय के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए जबलपुर में दबिश दी और आरोपी को सफलतापूर्वक धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध जेल वारंट जारी कर उसे जेल भेज दिया है।

### अपचारी बालक से करा रहे थे शराब की तस्करी

**कटनी।** माधवनगर पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते हुए एक अपचारी बालक को पकड़ा है, जिससे अवैध रूप से शराब तस्करी कराई जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अमकुही रोड झिंझरी क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक 16 वर्षीय किशोर को पकड़ा उसके पास से 44 पाव देशी प्लेन शराब बरामद हुई। जांच में सामने आया कि नाबालिग का उपयोग शराब तस्करी के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में अपचारी बालक सहित मैनेजर एवं एक अन्य व्यक्ति के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के साथ-साथ किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 78 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### खितौली में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित



**बरही।** तहसील अंतर्गत खितौली में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें हिन्दू संगठन के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया नगर में बाजे के साथ फेरी निकाली गई इसके बाद मंगल भवन में कन्याओं और गौ माता का पूजन अर्चना की गई। अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि रचित द्विवेदी संयोजक उमेश भाई साहब विपिन तिवारी के आर दुबे,, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि रामलाल गुप्ता ठरेश्वर पाठक विधायक प्रतिनिधि काशी प्रसाद गुप्ता मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी कृष्ण पुरी सरपंच सुखसेन सिंह राजेंद्र खरे, सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

### पड़खुरी में लगाया गया विधिक साक्षरता शिविर

**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत पड़खुरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के व्यवहार न्यायाधीश सुमित शर्मा के द्वारा उपस्थित महिला एवं पुरूषों को सालसा एवं नालसा की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायताके संबंध में जानकारी प्रदान की।

### अनिवेश परोहा का अंतर्राष्ट्रीय अद्वैत शिविर के लिए हुआ चयन

**स्लीमनाबाद।** राजकोट में 7 से 16 फरवरी तक आयोजित हो रहे अद्वैत जागरण एवं व्यक्तित्व विकास शिविर के लिए बहोरीबंद तहसील के मोहनिया गांव निवासी अनिवेश परोहा का चयन हुआ है।आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास एवं मध्य प्रदेश शासन के सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में यह आयोजन होना हैं । इस शिविर के लिए भारत के विभिन्न राज्यों समेत तीन देशों के 50 युवा चयनित हुए हैं।



## राजस्व विभाग एवं निगम अधिकारियों की मौजूदगी में शुरू की गई कार्यवाही

# घंटाघर पहुंच मार्ग के चिन्हित अतिक्रमणों को ढहाने नगर निगम का चला बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के जगन्नाथ चौक से लेकर घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण की राहत में बाधक चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नगर निगम द्वारा सोमवार से शुरू कर दी गई। बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमणों को ढहाया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली कार्यवाही के दौरान दर्जन भर से अधिक अतिक्रमण हटाये जाएंगे। कार्यवाही के दौरान किसी तरह से आवागमन बाधित न हो इसके लिए पूर्व में ही मार्ग परिवर्तित किया गया है। चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही राजस्व विभाग एवं नगर निगम अधिकारियों की संयुक्त मौजूदगी में की गई।

संयुक्त दल द्वारा मार्ग के किनारे की शेष चिन्हित संरचनाओं एवं अन्य अवरोधों के दूर करने की कार्यवाही के तहत मेहुल अग्रवाल एवं ज्योत्सना पुरवार के भवनों के चिन्हित की गई अतिरिक्त संरचनाओं को निर्धारित माप अनुसार हटाकर मार्ग चौड़ीकरण की कार्यवाही की गई। कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं नागरिकों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व से ही तीन दिवस के लिए मार्ग को डायवर्ट करने की सूचना जारी कर दी गई थी।

### सुगम होगा आवागमन

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि मार्ग चौड़ीकरण पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा तथा स्थानीय नागरिकों सहित आम नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा व्यवसाय भी सुदृढ़ होगा। नगर निगम द्वारा शहर के उक्त मार्ग से शेष बचे अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही आज मंगलवार प्रातः 10:30 बजे से पुनः प्रारंभ की जायेगी। सोमवार को की गई कार्यवाही के दौरान राजस्व अमले सहित निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह दल बल के साथ मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि जगन्नाथ चैक से घंटाघर तक मार्ग चौड़ीकरण के साथ



सौंदर्यीकरण करण एवं अन्य विकास कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले मार्ग के प्रभावित होने वाले 40 भू-स्वामियों को पूर्व में ही नगर निगम प्रशासन द्वारा 1 करोड़ 50 लाख 17 हजार 204 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि वितरित की जा चुकी है।

### आवागमन अवरूद्ध करने पर हुई सामग्री जब्ती कार्यवाही

शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा झंडा बाजार एवं माधवनगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर अवैध रूप से सामग्री रखकर आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे 30 लोगों पर सामग्री जप्ती की नियमानुसार कार्यवाही की गई। अतिक्रमण अमले द्वारा मौके पर समझाइश देते हुए सार्वजनिक मार्गों से अस्थाई अतिक्रमण कब्जे हटाए गए तथा पुनः अतिक्रमण न करने की हिदायत दी गई। नगर निगम अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि नागरिकों की सुविधा एवं यातायात सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। आमजन से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें और नगर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।



## 10 दिनी रुपनाथ मेला में उमड़ रही लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिले के सबसे बड़े मेलो में शुमार रुपनाथ मेला मकर संक्रांति से शुरू हो गया है जैसे जैसे मेला बढ़ रहा, भारी भीड़ मेले में उमड़ रही है। विभिन्न प्रांतो से व्यापारी यहाँ आकर अपना व्यवसाय कर रहे है। ग्राम पंचायत द्वारा लगाए जाने वाले मेले में व्यवस्था के इंतजाम भी ग्राम पंचायत के द्वारा पुख्ता किये गए है। 10 दिवसीय मेले मैं जहाँ लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के हवाई झूले लगाए गए है। वहीं ड्रेगन झूला, मिकी माउस, जमपिंग जपाक सहित अन्य मनोरंजन के साधन बच्चों से बडो के लिए आकर्षण का केंद्र बने है। बड़े व्यापारियों में कपड़ा व्यवसाय, फर्नीचर, बर्तन व्यापारियों द्वारा आकर्षक आइटमों की प्रदर्शनी एवं विक्रय केंद्र खोला गया है।

गौरतलब है कि रुपनाथ मेला की शुरुआत 14 जनवरी से हुई थी, जो 20 जनवरी तक चलेगा। रुपनाथ मेला देखने आने वाले लोग पहले भगवान भोलेनाथ का पूजा अर्चना कर सुख -समृद्धि की कामना कर रहे है फिर मेले का आनंद लें रहे है। रुपनाथ मेला को लेकर वर्ष भर लोगों को इंतजार रहता है।

मेले में शादी -विवाह एवं बड़े कार्यक्रमों के लिए क्षेत्रीयजनो द्वारा खरीददारी की जाती है। ग्राम पंचायत ने किए इंतजाम-मेले मैं दुकानदारों को कोई परेशानी न हो इसके लिए पंचायत द्वारा इंतजाम किए गए। महिलाएं, पुरूष, बच्चे, बुजूर्ग सभी लोग मेले में खरीदी के लिए पहुंच रहे है ओर हवाई झूला, ड्रेगन झूला का आनंद लें रहे है। मेला में कोई अव्यवस्था न हो, वाद विवाद उतपन्न न हो इसके लिए मेला की निगरानी कड़ाई से की जा रही व पुलिस की सहायता भी ली गईं ।

## ग्राम राखी के रमैया कुटी धाम में चल रहा श्रीराम महायज्ञ

# भगवान श्रीराम-जानकी विवाहोत्सव में झूमे श्रद्धालु, विवाह की हुई सभी रस्में

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

समीपस्थ ग्राम पंचायत राखी स्थित रमैया कुटी धाम मैं विश्व कल्याण की कामना के लिए श्रीराम महायज्ञ चल रहा है जिसमे श्रीराम कथा आयोजित हो रही है ।श्रीराम कथा का वाचन साध्वी पुष्पा देवी के मुखारविंद से किया जा रहा है।कथा के छठवें दिवस सोमवार को श्रीराम-जानकी विवाह की कथा हुई।कथा वाचक ने कहा कि राजा जनक ने सीता के विवाह के लिए प्रण रखा कि जो भी शिव धनुष को भंग करेगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा।इसके लिए देश देशांतर आमंत्रण भेजा गया।बड़े बड़े राजा -महाराजा जनकपुर आये हुए थे।



सभी राजाओं ने शिव धनुष को उठाने के भरपूर जोर लगाए लेकिन उठना तो दूर शिव धनुष हिल तक नही पाया।

विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम उठे व शिव धनुष को भंग कर दिया।शिव धनुष टूटते ही सभी राजा अचंभित रह गए।शिव धनुष टूटने की ललकार सुनते परशुराम जनकपुर पहुँचे।जहां परशुराम लक्षमण संवाद हुआ।परशुराम ने श्रीराम रूप मे भगवान विष्णु को पहचान लिया।आगे श्रीराम और माता सीता के विवाह उत्सव के लिए मंडप सजाया गया।

विवाहोत्सव को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई । महिलाओं ने मंडप,हल्दी ,चढ़ाव, पाव पखरी पर गाए जाने वाले गीत गाए। हरे बांस मंडप छाए, सिया जू खो राम ब्याहन आए और बन्ना खो चढ़ गओ हल्दी तेल, बन्ना मोरो पीरो पर गयो री, बन्ना के आजुल चतुर सुजान बन्ना खो गोदी ले लो री सहित एक से बढ़कर एक विवाह गीत गाये। महिलाओं ने श्रीराम-सीता विवाह के अवसर पर जमकर नृत्य किया।सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया।

इस दौरान यज्ञाचार्य प्रमोद परौहा, यजमान दीनदयाल पांडे, विजय नायक, उत्तम लाल नायक, भजन गायक सतेन्द्र असाठी,सरपंच नम्रता आकाश नायक सहित समस्त शिष्य मंडल रमैया धाम कुटी की बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## कचहरी चौक में महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देशानुसार कटनी के कचहरी चौक में भाजपा सरकार के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता और कांग्रेस नेत्री सौम्या रांधेलिया ने किया। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान सरकार को घेरते हुए तीन माँगें रखीं जिसमें सम्मान निधि में वृद्धि, लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में तत्काल प्रभाव से 3000 रुपये की राशि डाली जाए। पोर्टल पुन : प्रारंभ हो जिससे योजना से वंचित रह गई इच्छुक महिलाओं के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु ऑनलाइन पोर्टल को दोबारा खोला जाए ताकि वे आसानी से आवेदन कर सकें। प्रदेश भर में हाल ही में काटे गए लगभग 5 लाख पात्र नामों को सूची में फिर से शामिल किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के हित में जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो महिला कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन करेगी।

## कटनी टीम बनी विजेता, ढीमरखेड़ा उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

थाना ढीमरखेड़ा परिसर में आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन रविवार को खेल भावना, उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट का आयोजन खेल विकास समिति ढीमरखेड़ा के तत्वावधान में किया गया, जिसमें क्षेत्र की बारह मजबूत टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया । टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला ढीमरखेड़ा और कटनी टीम के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले में कटनी टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि ढीमरखेड़ा टीम को उपविजेता संतोष करना पड़ा।

समापन समारोह में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे एवं पूर्व थाना प्रभारी शेख रियाज खान की गरिमामय उपस्थिति में विजेता कटनी टीम को



11 हजार रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता ढीमरखेड़ा टीम को 5500 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इसके साथ ही सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, दिलीप सेन, गोविंद प्रताप सिंह, राजेश त्रिपाठी, आनंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। आयोजन को सफल बनाने में कमलेश रजक, सुरेश सोनी, राकेश त्रिपाठी, सुलभ त्रिपाठी, प्रकाश बागरी, कैलाश जैन तथा खेल विकास समिति ढीमरखेड़ा के संचालक ओमकार शर्मा का विशेष योगदान रहा। समिति के सदस्यों ने भविष्य में भी इस तरह के खेल आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का भरोसा दिलाया।

## जनता के बीच पहुंचकर समस्यायें जानने एवं निराकरण की पहल

# कलेक्टर आज बहोरीबंद क्षेत्र में जनता के बीच पहुंच कर सुनेंगे उनकी समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसके लिए कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पर पहुंच कर जनसमस्याओं और शिकायतों से रू-ब-रू होंगे और उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी मंगलवार 20 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत बहोरीबंद में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे।

जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 27 जनवरी को जनपद पंचायत रीठी में, मंगलवार 3 फरवरी को जनपद पंचायत बड़वारा में और मंगलवार 10 फरवरी को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक जनपद स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री तिवारी सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी प्रदान किया है। जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद सभी विभागों के जिला अधिकारी अपने विभाग की संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन का जायजा लेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने इस जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन के लिये संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय अधिकारी जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि इस जनसुनवाई के साथ-साथ जिला स्तर से चयनित आवेदन, शिकायतों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय की लंबित आवेदन, शिकायतों का रैंडमली चयन किया जाकर सुनवाई की जावेगी। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि तय दिवसों में किसी भी स्थिति में समक्ष में अनुमति लिये बिना जनसुनवाई कार्यक्रम से कोई भी जिला अधिकारी अनुपस्थित नहीं रहेंगें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जनसुनवाई में समस्त जिला प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, तहसीलदार, थाना प्रभारी, वन क्षेत्रपाल एवं समस्त विकासखण्ड अधिकारी तथा अन्य को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### कलेक्ट्रेट में भी जनसुनवाई

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रह कर लोगों की समस्याएं और शिकायतों को सुनेंगे।

## विकास खंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान का शुभारंभ

# बेटियों की पढ़ाई में रुकावट नहीं आने देंगे, करेंगे हर संभव सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में विकासखंड बहोरीबंद के धनंजय रतनम वाटिका में ग्रामोदय से अभ्युदय म.प्र. कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, जनपद सदस्य प्रकाश गुप्ता, लौकेश व्यौहार, एडवोकेट सुरेज सिंह सेंगर, सरपंच महगवां अभिषेक दुबे, सुरेन्द्र दुबे, रोहित गुप्ता, वीर सेन, परमोल सिंह ठाकुर, कुलदीप खरे, विनोद ठाकुर, विकासखंड समन्वयक अरविन्द शाह के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

विकासखंड समन्वयक अरविन्द शाह के द्वारा विकासखंड स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान पर विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार की उपलब्धियों एवं जन-जन तक शासन की योजना को पहुंचाने एवं प्रचार-प्रसार करने की बात कही गई।



कार्यक्रम में विधायक प्रणय प्रभात पांडेय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में सभी सेक्टर के नवांकुर संस्था, छात्र व प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों से गांव के सर्वांगीण विकास के लिए स्वैच्छिकता, सामूहिकता से किए जाने वाले कार्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओं को पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने में सहभागिता करने की बात कही। साथ ही नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समितियों द्वारा पर्यावरण, जल संरक्षण में किये गये कार्य की सहराना की।

इसी प्रकार लौकेश व्यौहार द्वारा प्लास्टिक मुक्त ग्राम बनाने एवं सुरेज सिंह सेंगर द्वारा स्वदेशी जागरूकता अभियान के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वहीं जनपद सदस्य प्रकाश चन्द्र गुप्ता ने गांव के विकास हेतु युवाओं की भागीदारी पर जोर दिया।

कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं कार्यक्रम में बी एस डब्ल्यू की छात्राओं द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुति पर प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। साथ ही विधायक श्री पाण्डेय द्वारा महिलायें शिक्षा से वंचित न रहें उसके लिए बीएसडब्ल्यू छात्रा छोटी बाई लोधी की उच्च शिक्षा हेतु फीस की जिम्मेदारी ली गई। साथ ही आश्वस्त किया कि आपको जितना भी पढ़ना हो मन लगाकर पढ़ो जो भी फीस होगी वह मेरे द्वारा पूरी की जाएगी। पैसा पढ़ाई में रुकावट नहीं बनने देगे, छात्रा द्वारा बताई गई समस्या का निदान भी किया गया।

परामर्शदाता अवधेश बैरागी द्वारा मंच का संचालन तथा स्वदेशी संकल्प की शपथ उपस्थित प्रतिभागियों को दिलाई गई। साथ ही नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी धनीराम लोधी द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा में विकासखंड स्तरीय शिविर आज, किसानों को मिलेंगे सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के तहत कटनी जिले के 559 किसानों को सोलर पंप का लाभ दिया जाना है। इन किसानों को सोलरपंप योजना से लाभान्वित कराने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में 20 जनवरी को विकासखण्ड बहोरीबंद व ढीमरखेड़ा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इसके लिये कलेक्टर ने सभी विकासखंड के कृषि विकास अधिकारियों, ऊर्जा विकास निगम के प्रभारी, सेंट्रल बैंक के प्रबंधक, लीड बैंक प्रबंधक और एमपीईबी के अधीक्षण यंत्री को कार्य दायित्व सौंपते हुये शिविरों में उपस्थित रहकर किसानों की मदद करने के निर्देश दिये हैं।

कृषकों की भूमि पर सोलर पंप की स्थापना के लिये, वर्तमान में ₹प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के अन्तर्गत किसानों को 1 एच.पी. से 7.5 एच.पी. तक क्षमता के पम्प पर 90 प्रतिशत सब्सिडी (अनुदान) दिये जाने का प्रावधान है। सोलर पंप की दैनिक उपयोगिता उपरांत, सोलर पैनलों की उत्पादित अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक उपयोग हेतु यूनिवर्सल सोलर पंप कन्ट्रोलर (यू.एस.पी.सी.) के उपयोग का विकल्प भी कृषकों को दिया गया है।

विकासखंड बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा में 20 जनवरी को, विजयराघवगढ़ और रीठी में 22 जनवरी को, कटनी और बड़वारा में 23 जनवरी को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक और बोलेरो में भिड़ंत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के मझगवां गांव में गत शाम धान से लदे ट्रक और बोलेरो जीप के बीच टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर में बोलेरो सामने से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के तुरंत बाद बोलेरो में सवार लोग गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। जब स्थानीय लोगों ने वाहन के पास जाकर देखा तो बोलेरो के अंदर 3 से 4 बोरी सरकारी धान लोड पाई गई। संदिग्ध अवस्था में धान मिलने और सवारों के भागने से क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बन गया है। घटना से आक्रोशित ट्रक चालक और स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में इस तरह का संदिग्ध परिवहन लंबे समय से चल रहा है। सड़क पर वाहनों की कतारें लगने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलते ही बड़वारा पुलिस की टीम दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराकर रास्ता खुलवाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा बोलेरो में मिली धान की बोरियों को जब्त कर जांच की जा रही है। फरार बोलेरो सवारों की तलाश जारी है। मामला पूरी तरह संदिग्ध है और जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि यह सरकारी धान कहां से आई और कहां ले जाई जा रही थी।

### गैस गोदाम से 44 नग भरे हुए सिलेंडर चोरी,

**कटनी।** कुठला थाना अंतर्गत बिलहरी स्थित गैस गोदाम में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने गोदाम का ताला तोड़कर वहां रखे गैस सिलेंडर पार कर दिए हैं। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। फ़ियादकर्ता अनुज कुमार वर्मन 36 वर्ष निवासी ताम्रकार मोहल्ला बिलहरी ने पुलिस को बताया कि चोरी की यह घटना 17 एवं 18 जनवरी की रात हुई। सुबह जब गोदाम खोला गया तब चोरी का पता चला। चोरों ने गोदाम से कुल 44 नग भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी किए हैं। पुलिस के अनुसार, चोरी गए इन सिलेंडरों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 93,000 रुपये बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि सिलेंडर ले जाने के लिए किसी बड़े वाहन का उपयोग किया गया होगा। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ BNS की धारा 331(4) और 305(A) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ओवर ब्रिज पर हुए हादसा में घायल युवक की मौत

**कटनी।** मिशन चौक ओवरब्रिज के बरगवां एंड पर बीती रात सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार से दौड़ रही कार क्रमांक एमपी 21 सीए 2261 ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पुरानी बस्ती निवासी भानु सोनी की मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई और भानु सोनी के सिर में गंभीर चोट आई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय कटनी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान देर रात करीब 2 बजे भानु सोनी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों का करें निराकरण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में सोमवार को समय सीमा बैठक आयोजित की गई जिसमें लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान जिला पेंशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि बीईओ ढीमरखेड़ा के पास 6 पेंशन प्रकरण लंबित पड़े हुये हैं। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी और बीईओ ढ़ीमरखेड़ा को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को समय-समय पर अपने विभाग में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

---

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत अब तक 3300 से अधिक आवेदन किये संग्रहित

# घर बैठे मिलेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्नं जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिये 15 फरवरी तक आवेदन लिये जायेंगे। जिले में 12 जनवरी से शुरू संकल्प से समाधान अभियान के तहत अब तक घर-घर जाकर या शिविर लगाकर करीब 3300 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम और नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर आदि सम्मिलित रहेंगे। पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन व शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई है।

यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित करेगा तथा इस टीम के नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करेंगे।

#### 16 फरवरी से लगेंगे शिविर

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा।

शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार कियें जाएगें।

क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

संकल्प से समाधान अभियान का तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अपर आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण अंतर्गत ब्लॉक, नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें क्लस्टर या जोन लेवल पर अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों या नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। जिन विकासखण्ड मुख्यालयों में नगर पंचायत या नगर पालिका स्थित है, उनमें सम्मिलित रूप से विकासखण्ड मुख्यालय स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में किए गए निराकरणों को ब्लॉक लेवल नोडल अधिकारी द्वारा पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। बड़े शहरों यथा नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं में जनसंख्या के अनुसार क्लस्टर या जोन का निर्धारण किया जाएगा ।

#### जिला स्तिर पर लगेगा शिविर

चतुर्थ चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। इसमें जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर समस्त अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों व नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा की जाएगी तथा जिला अंतर्गत समस्त शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर हितग्राहियों को जिला स्तरीय समारोहों में सम्मान पूर्वक हितलाभ वितरण किया जायेगा। शिविरों की संख्या एवं स्थान (लोकेशन) का निर्धारण जिला स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक विकासखण्ड में कम से कम तीन, नगर परिषद् में एक, नगर पालिका में दो से पांच एवं नगर निगम में पांच से दस शिविर आयोजित होंगे।

---



## पथवारी में कृषि रथ महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

शासन के निर्देशानुसार ग्राम पँचायत पथवारी में सोमवार को कृषि विभाग एवम ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वाधान में कृषि रथ महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग के ए. डी. ए. डॉ आर एन पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को कृषि की उन्नत तकनीक की एवं शासन द्वारा अन्नदाताओं के हित मे संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की।

बड़वारा के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर के रावत ने किसानों से कहा आप सभी उन्नत एवम आधुनिक तकनीक से कृषि कार्य करिए सरकार आपके हर सम्भव सहयोग के लिए कृत संकल्पित है।पथवारी ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती पुष्पा अमरराज सिंह ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया की शासन से कृषकों के लिए विभिन्न लाभकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। किसानों को शासन द्वारा प्रमाणित बीज उपलब्ध करवाया जाता है जिसमे शासकीय अनुदान भी प्रदान किया जाता है सहकारी समितियों एवम विपणन केंद्र के माध्यम से शासकीय दर पर खाद भी उपलब्ध करवाई जाती है। शासन द्वारा बीज एवम खाद पर दी जाने वाली सब्सिटी सीधे तौर पर किसानों के खाते में भेजी जाती है।शासन द्वारा किसानों के खेत मे बोर करबाने के लिए भी शासकीय स्तर पर सहयोग किया जाता है जिसमे किसानों के उनके निजी खेत मे बोर करबाने पर अनुदान भी दिया जाता है।

इस दौरान सचिव तिलक राज सिंह, सहायक सचिव लवकेश यादव, एईओ डी. एस.उइके,एईओ केपी यादव, समाज सेवी गणेश पुरी गोस्वामी एवम क्षेत्र के किसानों तथा ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

---

### शाहडार वन क्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम के प्रथम कैंप का आयोजन

## विद्यार्थियों ने नेचर ट्रेल, प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



वन विभाग द्वारा विद्यार्थियों में प्रकृति, पर्यावरण एवं वन संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से संचालित अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के शाहडार वन क्षेत्र में प्रथम कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वनमंडलाधिकारी कटनी गर्वित गंगवार के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर शासकीय मॉडल उमावि ढीमरखेड़ा एवं शासकीय कन्या उमावि उमरियापान के कुल 126 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश, अपर जिला न्यायाधीश, मुख्य जितेंद्र कुमार शर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट कटनी अजय नागेश, प्रथम श्रेणी न्यायाधीश ढीमरखेड़ा पूर्वी तिवारी सहित न्यायालयीन स्टाफ की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर मंजुला श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों को प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण, वन औषधियों एवं अनुभूति कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी ढीमरखेड़ा अजय मिश्रा, वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा का समस्त वन अमला एवं स्थायी कर्मी भी उपस्थित रहे। कैंप के अंतर्गत विद्यार्थियों को लगभग एक किलोमीटर लंबी नेचर ट्रेल पर भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें विभिन्न प्रजातियों के पेड़-पौधों, जैव विविधता एवं वन विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही वृक्षारोपण मॉडल के माध्यम से वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के उपायों को समझाया गया।विद्यार्थियों में उत्साह और सहभागिता बढ़ाने के लिए खेलकूद व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें रस्सा खींची, मटकी फोड़, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में नुसरत जहां ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में शालिनी लोधी विजेता रहीं, जबकि चित्रकला प्रतियोगिता में सत्यम लोधी एवं उनके समूह ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। विजेताओं को जिला न्यायाधीश द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

### ईश्वरीय विश्वविद्यालय में विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया स्मृति दिवस



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 58 वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम बी के दुर्गा बहन द्वारा प्रातः ब्रह्मा बाबा के तैल्य चित्र समक्ष भोग अर्पित कर मुरली क्लास सत्संग किया गया तत्पश्चात बाबा को पुष्पांजलि दी गई । राजयोग केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी बीके लक्ष्मी बहन ने ब्रह्मा बाबा के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक यशस्वी और अनुकरणीय व्यक्तित्व थे। उनके पास कोई भौतिक संपत्ति नहीं थी, लेकिन पवित्रता, शांति, आध्यात्मिकता और सेवा के माध्यम से उन्होंने सभी को अपना बना लिया। उन्होंने कहा कि परमपिता शिव परमात्मा ने ब्रह्मा बाबा के माध्यम से अनेक आत्माओं को आसुरी जीवन से निकालकर सात्विक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी और श्रेष्ठ समाज के निर्माण की नींव रखी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा का जीवन, उनका चरित्र, व्यवहार, वाणी और आचरण आज भी विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है। मन को ईश्वर से जोड़ने की शक्ति को ब्रह्मा बाबा के जीवन में प्रत्यक्ष देखा जा सकता है, जिन्होंने निरंतर शिव परमात्मा से शक्ति लेकर मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। ब्रह्मा बाबा प्रेम और पालन के माध्यम से आज भी आध्यात्मिक पथ का मार्गदर्शन कर रहे हैं। हम जहां भी रहें, अपने भीतर श्रेष्ठ समाज के निर्माण की भावना विकसित करनी चाहिए।

---

## उत्कृष्ट विद्यालय में पठन सामग्री की गई वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कटनी के तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में जिला कलेक्टर आशीष तिवारी के आदेश अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को स्कूल बैग, स्वेटर, पेन ,पेंसिल, कंपास, कॉपी आदि का वितरण अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अभिनंदन शर्मा के द्वारा वितरण किया गया।

छात्रा दीपांजलि एवं ग्रुप द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई जिस पर उत्साहवर्धन करते हुए अनुविभागीय अधिकारी द्वारा छात्राओ को 1100 रूपये की नगद राशि से पुरस्कृत किया गया।इसके पश्चात सचिव अभिनंदन शर्मा द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कटनी की योजनाओं/कार्यो की जानकारी प्रदान की गई ।इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को मन लगाकर अध्यापन कार्य करने, अनुशासन में रहने एवं रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा इस तरह के आयोजन किए जाने की भूरि भूरि प्रशंसा की गई ।साथ ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को इस प्रकार की मदद किए जाने पर जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त किया गया। मंच संचालन विद्यालय के पूर्व प्रभारी जुगल किशोर चौरसिया द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एम सिंह ,प्राचार्य चंदन सिंह धुर्वे ,निखिल शर्मा,दीपक कुशवाहा,पार्थ सेठिया, अनामिका सोनी, मोहन निगम, घनश्याम चौधरी ,करण सिंह ठाकुर, मधुबाला गर्ग ,सरिता शर्मा, हेमलता जयपुरिया ,आरती तिवारी ,सीता लोहार ,सुचिता गुप्ता ,आशिक महोबिया, स्नेहल डेहरिया ,उर्मिला कोरी , अंकिता राठौर ,अरविंद तिवारी ,ज्ञानेंद्र हल्दकर ,महेंद्र नारायण मिश्रा आदि मौजूद रहे।

---

### क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मिडरा में पुलिस ने की कार्यवाही

## 133 किलो गांजा सहित तीन चारपहिया वाहन किये जब्त, 6 आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



चार पहिया वाहनों में गांजा की तस्करी करने वाले आधा दर्जन तस्करों को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन वाहन और 133 किलो से अधिक गांजा जप्त किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में की गई। थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया की गत दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मिडरा के जंगल में दो पिकप वाहन एवं एक स्कार्पियों संदिग्घ परिस्थितियों में देखे गए। स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर वाहनों को पकड़ा गया।

इस दौरान वाहन के साथ मिले मिशन चौक थाना कोतवाली जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ निवासी 19 वर्षीय प्रिस केशनी पिता अनिल प्रसाद केसनी, ग्राम कोचस थाना कोचस जिला रोहतास बिहार निवासी 24 वर्षीय धनजी कुमार सोनी पिता सुनील सेठ, ग्राम आरा थाना राजपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.) निवासी 23 वर्षीय संजय दास पिता मोहरदास, ग्राम खिरहनी थाना बरही जिला कटनी निवासी 40 वर्षीय रेडम पारधी पिता जाहिर पारधी, मिशन चौक थाना कोतवाली जिला सरगुजा (छ.ग.) निवासी 28 वर्षीय राजन सोनी पिता राजेंद्र सेठ एवं मिशन चौक थाना कोतवाली जिला सरगुजा (छ.ग.) निवासी 20 वर्षीय राहुल सोनी पिता राजू सोनी को पकड़ा गया।

आरोपितों के पास मौजूद वाहन क्र. BR-24 GC-5729, UP-64 BT-3360 एवं स्कार्पियो वाहन क्र. CG-15 EJ-0814 की तलाशी लेने पर तीनो वाहनो में गांजे से भरी बोरियां पाई गई। वाहनों से बरामद हुई बोरियों में कुल 133.93 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। गांजा और वाहनों सहित कुल 50 लाख रुपये का माल जप्त किया गया। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि.कृष्ण कुमार पटेल, उनि प्रदीप कुमार जाटव, सउनि रघुवीर सिंह, सउनि रामनाथ साकेत, सउनि विक्रम सिंह , प्रधान आरक्षक पवनराज, आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक गौरीशंकर राजपूत, आरक्षक शिवप्रकाश तिवारी एवं आरक्षक बृजलाल प्रजापति की विशेष भूमिका रही।

---

### कलेक्टर ने अधिकारियों को लगातार फील्ड विजिट करने के दिये निर्देश

## शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का आम नागरिकों को दिलायें लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सभी जिला स्तरीय अधिकारी, विकासखंड स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार 'संकल्प से समाधान' अभियान के तहत आगामी एक माह तक फील्ड का भ्रमण करें और अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करें। अभियान के अंतर्गत आवेदन प्राप्त कर आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ दिलायें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमएचओ को 'संकल्प से समाधान' अभियान के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। इसके लिये उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे सीएचओ एवं ग्राम रोजगार सहायक के साथ बैठक कर आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु सुनियोजित रणनीति पर अमल करें। साथ ही सीएचओ के कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को समग्र ई-केवाईसी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही सहकारिता विभाग को मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और पीएचई के कार्यपालन यंत्री को ग्राम पंचायतों की पानी की टंकी की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता, धान उपार्जन, परिवहन एवं भण्डारण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिये।

#### राजस्व विभाग की समीक्षा

कलेक्टर ने राजस्व अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन कार्य के मद्देनजर किये जा रहे स्कैनिंग कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। इसी प्रकार उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री, वनाधिकार पट्टाधिकारियों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री बनाने की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने एनपीसीआई कैंपों के माध्यम से तहसीलदारों को पीएम किसान योजनांतर्गत आधार से बैंक के लिंकिंग का कार्य पटवारियों के माध्यम से लक्ष्य अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने लंबित सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी राजस्व अधिकारियों को दिये।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज विभाग, स्वास्थ्य, कृषि, स्कूल शिक्षा, नगरीय निकाय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सहकारिता, सामान्य प्रशासन, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, वन, परिवहन, पीएचई, जल संसाधन, खाद्य, सामाजिक न्याय, ऊर्जा, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी और खाद्य विभागों के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुये प्रदेश स्तरीय जारी होने वाली मासिक रैंकिंग के मद्देनजर सभी विभागों को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के अंतर्गत लंबित शिकायतों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने बहोरीबंद तहसील के रैंक डी ग्रेड होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

---

## बिचुआ में क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्राम पंचायत बिचुआ में प्रतिवर्ष की तरह इस साल भी स्वर्गीय पंडित रामाधार तिवारी स्टेडियम में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 18 जनवरी से शुरू हो रहा है, जिसमें जिले भर से लगभग 16 टीमें उत्साह के साथ हिस्सा ले रही हैं।

टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा भी पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि क्रिकेट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं आगे बढक़र कटनी का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करें। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में हर तरह का सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट न केवल खेल का उत्सव है, बल्कि युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और उन्हें मंच प्रदान करने का एक शानदार प्रयास भी है।

आयोजकों ने इस बार खिलाड़ियों के लिए कई विशेष सुविधाएं तैयार की हैं, ताकि वे पूरे मन से खेल सकें और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकें। आयोजक समिति की ओर से दीपेंद्र मिश्रा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा गया है। मैदान की व्यवस्था से लेकर पानी, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ टूर्नामेंट कराना नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल के माध्यम से आगे लाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। विजेता टीम को 51 हजार रुपये की नगद पुरस्कार राशि दी जाएगी। उपविजेता टीम को भी आकर्षक नगद इनाम और सम्मान प्रदान किया जाएगा।अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समय-समय पर विशेष प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### कृषक पुरुस्कार आवेदन का आज अंतिम दिवस

**दमोह।** म.प्र. शासन के निर्देश अनुसार कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) योजनांतर्गत जिले के प्रगतिशील कृषकों को जिला स्तरीय कृषक पुरुस्कार प्रदाय किये जाना है। कृषि में नवाचार कर रहे कृषकों द्वारा प्रविष्ठिया प्राप्त हो चुकी है। कृषि में नवाचार कर रहे इच्छुक कृषक को अंतिम अवसर प्रदान करते हुये आज 20 जनवरी 2026 कार्यालीन समय शाम 06 बजे तक का अवसर दिया गया है। परियोजना संचालक आत्मा जे.एल प्रजापति ने बताया नवाचार कर रहे कृषक कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर प्रविष्ठि पूर्ण कर आज 20 जनवरी 2026 शाम 06 बजे तक अपने आवेदन जमा कर सकते हैं, इसके उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नही किया जायेगा।

### नेमा समाज ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**दमोह।** नेमा समाज सेवा समिति के तत्वाधान में नगर में एक निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 70 से 80 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई तथा विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श प्राप्त किया। शिविर में जबलपुर स्थित साई शिवा नेत्रालय के संचालक एवं सुप्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष नेमा द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। डॉ. नेमा ने मरीजों को आंखों की देखभाल, समय-समय पर जांच कराने तथा आवश्यक उपचार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इस अवसर पर दमोह नेमा समाज सेवा समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नेमा लोकमन सहित समिति के सदस्य मदन नेमा, चंद्रभूषण नेमा, अजय नेमा, सुनील नेमा, रवि नेमा, राजीव नेमा, जगदीश नेमा, लक्ष्मी नारायण नेमा, सचिन नेमा लोकमन, अमित नेमा एवं नेमा समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे जरूरतमंद लोगों को निशुल्क एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

पेंच में जन्मा कान्हा में पला, बढ़ा अब 26 बाघों की टेरेटरी में बनाएंगे अपनी पहचान

# रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दहाड़ेगा तीन साल का नर बाघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तीन जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों कुनबा लगातार बढ़ रही है व बढ़ाने की कवायद भी लगातार जारी है। टाइगर रिजर्व के अंदर बसे ग्रामों का विस्थापन होने के बाद यहां बाघों के रहवास बनाने के कार्य भी किए जा रहे हैं रविवार की देर-रात कान्हा टाइगर रिजर्व से लाए गए। एक नर बाघ को वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के मोहुली रेंज के आंखीखेड़ा जंगल में सुरक्षित स्थान पर सफलता पूर्वक खुले वन क्षेत्र में छोड़ा गया है। बाघ को रेडियो कॉलर आईडी लगाई गई है ताकि उसकी लगातार निगरानी मॉनिटरिंग की जा सके यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। इस नर बाघ को ढाई साल वर्ष पहले पेंच टाइगर रिजर्व के रुखड़ क्षेत्र सिवनी से रेस्क्यू कर उसे कान्हा टाइगर रिजर्व लाया गया था। उस समय इसकी उम्र 5 माह थी और मुक्की स्थित घोरेला रिवाइल्डिंग बाड़े में रखकर वैज्ञानिक तरीके से उसकी देखरेख व पालन-पोषण हुआ है और उसे प्राकृतिक शिकार व स्वतंत्र विचरण के लिए प्रशिक्षित किया गया है और देर-रात टाइगर रिजर्व (नौरादेही) छोड़ा गया। बाघ के वन क्षेत्र में छोड़ने के इस अभियान में कान्हा टाइगर रिजर्व के संचालक रविन्द्र मणि त्रिपाठी वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ एए अंसारी रहली एसडीओ मोहुली रेंजर सहित अन्य विशेषज्ञ और वन अधिकारी उपस्थित थे उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व रिजर्व दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमाओं में फैला हुआ है यहां बाघों की संख्या 28 से अधिक हो गई है।

### कान्हा टाइगर रिजर्व से बाघिन राधा को भी लाया गया था नौरादेही

नौरादेही अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व का तमगा दिलाने और आबाद करने वाली बाघिन राधा को भी आठ साल पहले 2 अप्रैल 2018 को कान्हा टाइगर रिजर्व से नौरादेही अभ्यारण्य में छोड़ा गया था। उस समय बाघिन राधा 5 माह की मादा शावक थी और आज उसने नौरादेही अभ्यारण्य को प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बना दिया व बाघों की संख्या से आबाद कर दिया। एक बार फिर से कान्हा टाइगर रिजर्व में एक नर बाघ को (नौरादेही) टाइगर रिजर्व रविवार देर-रात छोड़ा गया है। जिससे वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर फिर से बाघों का कुनबा तेजी से बढ़ेगा और नया आयाम स्थापित करेंगा। वहीं सूत्रों द्वारा खबर में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व विभागीय संख्या बाघों की 28 है लेकिन अन्य बाहरी बाघ भी टाइगर रिजर्व में आकर बस गए हैं और इनकी संख्या 30 से अधिक होने का अनुमान है।

### अब बाघ बढ़ा रहे अपनी टेरेटरी

बाघ भी अब अपनी टेरेटरी बढ़ा रहे हैं पहले बाघों का मूवमेंट जंगल के अंदरुनी इलाके नौरादेही सिंगपुर और डोंगरगांव रेंज तक रहता था लेकिन अब बाघ सागर जबलपुर रोड क्रॉस करके दूसरे इलाके में भी आ जा रहे हैं। बहुत कम ही बाघों को सड़क के आसपास और मोहुली रेंज में देखा जाता था लेकिन एक साल से बाघों को देखा जा रहा है। टाइगर रिजर्व में छह रेंजों में बाघों का कुनबा व फैमिली अपनी टेरेटरी बनाकर बाघों का कुनबा बढा रहे हैं। टाइगर रिजर्व के अधिकारियों ने बताया कि टाइगर रिजर्व में अब तक जो शावक थे वे सभी युवा हो गए हैं और शिकार करने लगे हैं हालांकि जंगल में शाकाहारी जानवरों के साथ पर्याप्त आहार है।

### कॉलर आईडी निगरानी व मॉनिटरिंग

वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ एए अंसारी ने बताया कि कान्हा टाइगर रिजर्व से लाए गए नर बाघ को देर-रात मोहुली रेंज के आंखीखेड़ा जंगल में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद खुले वन क्षेत्र में छोड़ा गया है कॉलर आईडी से उसके हर एक मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है जिससे पता चल सकें कि बाघ किस एरिया में घूम रहा है और शिकार कर पा रहा है या नहीं।

## परीक्षा जीवन का केवल एक छोटा सा चरण है जिसे संपूर्ण जीवन नहीं मानना चाहिए: शिवहरे

**दमोह।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा आज 'परीक्षा पर चर्चा' विषय को लेकर दमोह के सांदीपनि स्कूल में छात्रों के बीच संवाद करने का अवसर मिला, जो अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने कहा छात्रों ने खुलकर अपने मन के प्रश्न रखे और उन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया गया, जिससे उनके जीवन में आने वाली बाधाओं और नकारात्मक सोच से बाहर निकलने की प्रेरणा मिले। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शिवहरे ने कहा कि उनका इस कार्यक्रम में दूसरा वर्ष है और दूसरी बार छात्रों के बीच आकर उन्हें बेहद अच्छा अनुभव हुआ। छात्रों की जिज्ञासा और प्रश्नों की संख्या देखकर एक समय ऐसा भी लगा कि पूरा दिन लग जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों के प्रश्न यह दर्शाते हैं कि वे अपने भविष्य और जीवन को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2018 से शुरू किए गए 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम सराहना की, उन्होने कहा यह पहल इसलिए शुरू की गई, क्योंकि परीक्षा के समय कई बच्चे अत्यधिक तनाव और हतोत्साह का शिकार हो जाते हैं। कभी-कभी छोटी सी परीक्षा को जीवन का अंत मान लेने जैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियाँ भी बन जाती हैं। ऐसे में छात्रो के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाना समाज की जिम्मेदारी है। श्री शिवहरे ने कहा हमारे देश का भविष्य बच्चे हैं और देश का सर्वांगीण विकास आने वाली पीढ़ी के माध्यम से ही संभव है।



परीक्षा जीवन का केवल एक छोटा सा चरण है, जिसे संपूर्ण जीवन नहीं मानना चाहिए। जीवन एक निरंतर आगे बढ़ने की प्रक्रिया है, जिसमें अनेक चुनौतियाँ आती हैं। इन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति और समाधान स्वयं छात्रो के भीतर ही छिपा होता है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। उन्होंने प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन ने छात्रों तक पहुँचने और उनसे संवाद करने का माध्यम उपलब्ध कराया, जिससे उनके जीवन को सकारात्मक दिशा देने का एक छोटा सा प्रयास किया जा सका। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य आर.पी. कुर्मी ने भी परीक्षा पर चर्चा के संबंध में अपनी बात रखी और छात्रों को आगामी परीक्षा के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया और कहा इस तरह के कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में पॉजीटिव उर्जा का संचार होता है, इसलिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इस अवसर पर गोपाल पटैल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कुछ पालक और संस्था के शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्री-बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं का मेडल पहनाकर अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया।

## लाईन फाल्ट के कारण 84 गांवों में छा जाता है अंधेरा

**तेंदूखेड़ा।** तेंजगढ से तेंदूखेड़ा आई 33 केव्ही विजली की लाईनो में आए दिन लोहे का तार या गीली लकड़ी डालकर फाल्ट बनाया जा रहा है। जिस कारण नगर सहित दर्जनो ग्राम कई घंटो के लिए अंधेरे में डूब जाते है। इसके अलावा बिजली कम्पनी के कर्मचारी भी रात में फाल्ट को तलाश कर विजली चालू करने का प्रयास करते है। सबसे बड़ी हैरानी की बात है कि सिफ 33 केव्ही की लाईन में फालट नही बनाया जा रहा है इसके अलावा सैलवाड़ा एवं साईपुरा ग्राम की लाईन भी फाल्ट बनाया जा रहा है। सोमवार को ही सेलवाड़ा एवं साईनपुरा के बीच अज्ञात लोगों के द्वारा 11 केव्ही लाईन में तारों में कटिलातार डालकर लाइन को फॉल्ट किया गया था। जिस कारण सेलवाडा फीडर की सप्लाई बंद हो गई थी। जिसका सुधार रामकृष्ण गर्ग द्वारा फाल्ट को तलाश कर कटिला तार निकाला गया और लाईन को चालू कराई गई। ऐसे ही तीन दिन पहले रात्रि में आमाजिक तत्वों द्वारा कंसा के जंगल में 33 केव्ही लाईन में सगोन की लकड़ी डालकर लाइन को फॉल्ट किया गया था। जिससे करीबन 84 गांव की सप्लाई रात में 10 बजे से 3 बजे तक बंद रही। विजली कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा रात में ही तत्परता से ठंड में ही लाइन की पेट्रोलिंग करते हुए फाल्ट को ढूंढा एवं लाइन को चालू करवाया गया। जबकि टाईगर रिजर्व होने के कारण रात में जंगल में जानवरों का खतरा भी बना रहा है। पहले भी विद्युत कर्मियों का सामना जंगली जानवरों से हो चुका है। लाइन कर्मचारी सुधीर पटेरिया ने बताया आसामाजिक तत्वो के द्वारा 33 केव्ही लाईन में आए दिन फाल्ट बनाए जा रही है। जिस कारण क्षेत्र की जनता बिना विजली के परेशान होती है। आवश्यक कार्यवाही के लिए सूचना पुलिस थाने में दी जा रही है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**बटियागढ।** थाना प्रभारी रजनी शुक्ला के नेतृत्व में लगातार जागरूकता अभियान जारी है। बटियागढ़ में सोमवार को पुलिस स्टाफ मैन बाजार पहुंचे जहां पर सड़क सुरक्षा को लेकर बैनर लगाया और वाहन चालकों को तेज रफ्तार में वाहन ना चलाने को कहा एवं हेलमेट सीट बेल्ट बीना बीमा राग साइट आईटीओ की नम्बर प्लेट एवं शराब पीकर वाहन ना चलाएं । शेष कुमार दुबे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक पथरिया एसडीओ थाना प्रभारी के निर्देशन में एक माह सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसके चलते वाहन चालकों को समझाएं दी जा रही ताकि सड़क दुघर्टनाएं रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान शेष कुमार दुबे स्लाश कुमार मुकेश राजेश ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## मनरेगा को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रखा उपवास



**पटेरा।** लोकसभा में नेतापक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पटेरा में शांति पूर्ण उपवास कार्यक्रम का आयोजन 17 जनवरी 2026 दिन शनिवार को किया गया जिसमें समस्त कांग्रेसीयो ने ईश्वर से प्रार्थना की भगवान भारतीय जनता पार्टी की सरकार को सद्बुद्धि दें ताकि जनहितैषी योजनाओं जैसे महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को कमजोर होने से बचाया जा सके जिसमें अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पटेरा नन्देलाल चौरसिया ,महेश सेठ, राजेंद्र बजाज,अवधेश पटेरिया(किसान कांग्रेस अध्यक्ष),धर्मेंद्र जैन,नितिन ताम्रकार,महेश दुबे, जाहर दुबे, सिद्दे विश्वकर्मा, राजकुमार राय, मुकेश विश्वकर्मा, गनपत कोरी (पार्षद), दिनेश पटेल,निखिल जैन,वैभव ताम्रकार, सचिन शुक्ला, अमजद खान वीरेंद्र बंटी राजा,भवानी बंसल एवं समस्त कांग्रेसीयो की उपस्थिति रही।

## करेंट हादसों में जनहानि व पशुहानि पर विद्युत विभाग ने वितरित किया मुआवजा

**दमोह।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, दमोह उत्तर संभाग अंतर्गत विभिन्न वितरण केंद्रों में करंट की चपेट में आने से हुई जनहानि एवं पशुहानि के मामलों में विद्युत विभाग द्वारा नियमानुसार मुआवजा राशि प्रदान की गई। बनगांव वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम भगवां में करंट लगने से कमलेश रैकवार पिता सत्तू रैकवार की मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच एवं आवश्यक कार्यवाही उपरांत विद्युत विभाग द्वारा मृतक के पिता सत्तू रैकवार पिता परषोत्तम रैकवार को कंपनी नियमानुसार 04 लाख रुपये का मुआवजा धनादेश क्रमांक 535274, 14 जनवरी 2026 को प्रदान किया गया। इसी प्रकार मडियादो वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम भिलौनी में करंट की चपेट में आने से पुष्पेंद्र यादव पिता भोला यादव की 01 भैंस एवं 02 गायों की मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में पशु मालिक को 50,000 रुपये की मुआवजा राशि धनादेश क्रमांक 535275, 14 जनवरी 2026 को दी गई। हटा ग्रामीण वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम पुरैना बक्शी में करंट हादसे में राजेंद्र यादव पिता हरिराम यादव की 01 भैंस की मृत्यु हुई, जिस पर विद्युत विभाग द्वारा 30,000 रुपये का मुआवजा धनादेश क्रमांक 535273, 14 जनवरी 2026 को प्रदान किया गया। वहीं ग्राम मझगुऑ पतोल में भगवत उपाध्याय पिता तुलसीराम उपाध्याय की 01 भैंस की करंट से मृत्यु होने पर उन्हें भी 30,000 रुपये की मुआवजा राशि धनादेश क्रमांक 535276, 14 जनवरी 2026 को दी गई।

## सिद्ध स्थान पंडा बाबा में हुआ लक्ष्मी नारायण यज्ञ



**तेंदूखेड़ा।** जबलपुर मार्ग पर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पंडा बाबा श्री सिद्ध स्थान में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ दिनांक 14 जनवरी से हुआ, जो 20 जनवरी तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हो रहा है। इस सात दिवसीय पुनीत यज्ञ में क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। महायज्ञ के दौरान यज्ञाचार्य पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री जी के सान्निध्य में विधि-विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में भगवान शिव का विल्व पत्रों द्वारा विशेष अर्चन कराया गया, जिसमें शिव भक्तों ने पूरे श्रद्धा भाव के साथ सहभागिता की। इस अर्चन के मुख्य यजमान गुड्डू दुबे, कमलेश साहू एवं वसंत यादव रहे, जिन्होंने भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस महायज्ञ के अंतर्गत एक विशाल संकल्प पद कांवड़ यात्रा का भी आयोजन किया जा रहा है। यह कांवड़ यात्रा मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर दिनांक 23 जनवरी 2026 को प्रारंभ होगी। यात्रा के अंतर्गत लगभग 500 श्रद्धालु जबलपुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भेड़ाघाट से पवित्र नर्मदा जल भरकर कांवड़ यात्रा के रूप में बांदकपुर स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जल अर्पित करेंगे।इस धार्मिक आयोजन में पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री यज्ञाचार्य के साथ-साथ राकेश शर्मा, कमलेश शर्मा, कामू भैया, वसंत यादव, कमलेश साहू, भगवान सिंह, पंडित संदीप गुरु सहित अनेक गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी एवं शिव भक्त उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए समुचित प्रबंध किए जा रहे हैं।

## हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई की हुई समीक्षा गोष्ठी

**दमोह।** म.प्र. हिन्दी साहित्य सम्मेलन जिला इकाई दमोह के तत्वावधान में आभा भारती के निवास पर समीक्षा गोष्ठी संपन्न हुई। "सिलसिला सांसों का" आभा भारती की कविता संग्रह कृति पर समीक्षा कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यमोहन वर्मा मुख्य अतिथि नरेन्द्र दुबे रहे। समारम्भ कृतिकार के कथन से हुआ, जिसमें आभा भारती ने कहा कि सर्वशक्तिमान प्रकृति के प्रतिरूप पेड़ पौधे, वृक्ष व दूब आदि से मैं कुछ बात करूं, वो कहें और मैं सुनूं इसी उद्धेश्य को लेकर मैंने अपने अंतस में अनुभूत भावों को इस कविता संग्रह में आबद्ध किया है। सच्चे अर्थों में यह मेरा प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है क्योंकि मानव जीवन की सांसों की जीवंतता प्रकृति से ही है। पेड़ पौधों की प्रति मैं संवेदनाओं से भरी हूं किन्तु उनको वेदना पहुंची देख में व्याकुल हो जाती हूं। समीक्षाकार रमेश तिवारी ने अपनी समीक्षा में कहा परमात्मा का प्रतिरूप प्रकृति का दृश्यमान साकार रूप पेड़ पौधे, सकल वनस्पति और इसको धारण करने वाली धरती है जो समूची मानव जाति को सांसे देती है इसी चिंतन की आधार भावभूमि पर कविता संग्रह सिलसिला सांसों का है। जिसमें नैसर्गिक यथार्थ बोध व तादातमीकरण समाहित है। वस्तुतः संग्रह प्रकृति पर्यावरण के सकल घटक तत्वों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का यथेष्ट उपकम है दार्शनिक भाव को पोषित करता हुआ संदेश भी है कि हम प्रकृति से हैं, हमसे प्रकृति नहीं क्योंकि उसके उपकार का सिलसिला नित्य है और हम अनित्य। वे लिखती हैं- पौधों ने ली सांस/इसी लय में मैंने मिलाई सांस/तब आई सांस में सांस/आभा जी ने प्रकृति के अवदान को संग्रह में चित्रांकित करने का सुयशी उद्यम किया है मुख्य अतिथि नरेन्द्र दुबे ने कहा आभा जी ने अपने कवित्व में पेड़ पौधों का आश्रय लेकर अपने आपको अभिव्यक्त किया है प्रकृति से निसर्ग तक की यात्रा का वर्णन उनकी कविताओं में है जो गहराई और गांभीर्य देकर सार्थकता सिद्ध करता है प्रकृति के माध्यम से जो वे अनुभव करती हैं वही कविताओं में उन्होंने उकेरा है। अध्यक्ष सत्यमोहन वर्मा जी ने कहा कि संग्रह की 133 कविताओं में आभा जी ने प्रकृति के उपादानों को लेकर मनुष्य से जोड़कर प्रकृति प्रेम के चरित्र चित्रण को कविताओं के माध्यम से अभिव्यक्ति दी है पेड़ पौधे, घास फूल एवं श्वास मनुष्य में तादात्म्य पैदा करता है क्योंकि प्रकृति में लय है। भले ही मनुष्य इस लय को न माने पर यही लय जीवन है। प्रकृति कविता का ऐसा सशक्त माध्यम है जो हमारे मन के विचारों को, भावनाओं को, गाथाओं को संक्षेप में लाकर विस्तार करता है और यही मनुष्यता का विस्तार है। इस अवसर पर डॉ. कीर्तिकाम दुबे, मनोहर काजल, पीएस परिहार, ओजेन्द्र तिवारी, राजीव अयाची, राजेश शर्मा, मानव बजाज, अनुपम भारती, अंकिता भारती की उपस्थिति रही। संतोष भारती द्वारा सबके प्रति आभार व्यक्त किया गया। अंत में देश के नामचीन व यशस्वी कहानीकार एवं पहल के संपादक ज्ञान रंजन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## अग्रवाल महिला महासभा ने किये मां नर्मदा के दर्शन



**दमोह।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की दमोह इकाई महिला महासभा अग्रवाल समाज दमोह युवा महासभा मेन महासभा के द्वारा मौनीअमावस्या के पावन पर्व पर भेड़ाघाट जबलपुर में नर्मदा स्नान किए तत्पश्चात ज्योतेश्वर में मां तिरूतपुर सुंदरी राजराजेश्वरी के दर्शन किए। महासभा के वर्षवर के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई एवंआगामी माह के कार्यक्रमो की योजना बनाई गई। मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा भोपाल की सभी इकाइयां वर्ष भर इसी प्रकार के विभिन्न कार्यक्रम करते रहते है। इस कार्यक्रम में मुख्य सहभागिता मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की महिला प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती रमा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, संभागीय उपाध्यक्ष श्रीमती अनुलेखा अग्रवाल, महासभा के संभागीय युवा अध्यक्ष विकास जिला अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, जिला महामंत्री अशोक अग्रवाल, अग्रवाल समाज के उपाध्यक्ष राजबहादुर अग्रवाल, महासभा सचिव संदीप अग्रवाल, महिला जिला मंत्री अर्चना जी, सहसचिव वंदना जी, मीडिया प्रभारी निशा जी, सहित शिखा नीलू, मंजू, नीरू दीप्ति परी नीलिमा अर्चना मंजुला, शैल, शिवि, कल्पना, महक, सीतारानी, सविता, विद्या बजाज सारा अखलेश बजाय रामजी श्रेयांश आदित्य विराज विशेष सहित सभी ने दर्शन कर धार्मिक लाभ प्राप्त किया।

## जीवन को पूर्णता से जीना ही सच्ची भक्ति : पं. ऋषिकांत गर्ग

**बनवार।** धूनी माता मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग ने जीवन, भक्ति और अध्यात्म का समन्वय साधते हुए कहा कि अपनी जिंदगी को हर क्षण आनंद से जीना और ईमानदारी से कर्म करना भी भक्ति के समान ही पवित्र है। कथा के दौरान उन्होंने देवहूति, सती चरित्र, शिव विवाह एवं महाभारत जैसे प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। गर्ग ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल कथा नहीं, बल्कि सृष्टि, ज्ञान, प्रेम, त्याग और ईश्वर-लीला का सजीव अनुभव है। कपिल मुनि द्वारा माता देवहूति को दिया गया ज्ञान, देवी सती का आत्मदाह, शिव-पार्वती विवाह से लेकर महाभारत तक—इन सभी प्रसंगों में जीवन का मूल संदेश छिपा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हर पल जागरूक होकर जीना चाहिए—विचार, भावना और कर्म तीनों में संतुलन रखकर। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि जो मिला है, उसके लिए आभार व्यक्त करें, स्वयं को हर दिन बेहतर बनाने का प्रयास करें, और अपनी बुद्धि व श्रम का सदुपयोग करें। कथा में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या रही और मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर रहा।

शास्त्री जी ने मृत्य भोज एवं शराबबंदी सहित एकजुटता की शपथ दिलाई

## गुरू अमृतवाणी सत्संग, मूर्ति स्थापना-अनावरण के साथ हुआ भण्डारा

**हिण्डोरिया।** स्थानीय थाना मुहल्ला मे संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की मूर्ति स्थापना-अनावरण के पश्चात लगातार चल रहे तीन दिवसीय गुरु अमृतवाणी सत्संग का रविवार को मंचीय कार्यक्रम एवं विशाल भण्डारे के साथ समापन किया गया। मंचीय कार्यक्रम में बतौर अतिथि विधायक उमा देवी खटीक शामिल रहीं। सत्संग के दौरान आचार्य रामदयाल शास्त्री जी ने अपने श्री मुखारविंद से संत गुरु रविदास जी के जीवन संघर्ष, आदर्श एवं सन्देश पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ने कहा कि हम सभी को महान संत गुरु रविदास जी के न्याय, समता, बंधुता एवं सामाजिक समरसता के बताया रास्ते पर चलना है। आचार्य श्री शास्त्री जी ने बहुजन समाज को समाज मे व्याप्त पाखंड, कुरीतियों एवं आडम्बरों से स्वयं को अपनी पीढ़ी सहित बचाना है। उन्होंने बाबा साहब डा. अम्बेडर जी शैक्षणिक योग्यता, डिग्रियों एवं प्राप्त सामाजिक सम्मान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि मनुष्य की पूजा जाति से नही अपितु उसकी शिक्षा-ज्ञान से होती है। शास्त्री जी ने कहा कि हमारे जीवन से पाप रूपी मैल गंगा नहाने से नही बल्कि सत्संग से प्राप्त ज्ञान को जीवन मे आत्मसात करने से ही धुल सकता है। इस मौके पर उपस्थित श्रृध्दालुजन को मृत्यु भोज बंद करने, मास मदिरा का त्याग करने, मृत्युपरांत अस्थि- खारी नदी मे विसर्जित ना करने के अलावा सभी परिस्थितियों मे सामाजिक एकजुटता के साथ रहने संकल्पित किया। साथ ही गुरूवर से दीक्षा लेने वाले एवं पूजापाठ करने का अधिकार देने वाले प्रमाण पत्र भी वितरित किये। सत्संग के समापन पश्चात विशाल भण्डारे के साथ कार्यक्रम का विधि-विधान से समापन किया गया। आयोजक हिण्डोरिया सकल अहिरवार समाज के व्दारा तन मन धन से सहयोग एवं उपस्थिति प्रदान करने वाले सभी श्रृध्दालुजन एवं जुझारू साथियों का आभार व्यक्त किया गया।



## गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में प्रदर्शन हेतु सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का हुआ चयन

**हटा।** नगर में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में बच्चों द्वारा दी जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए विगत 9 जनवरी को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सोमवार को एमएलबी विद्यालय में नगर के विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा संस्कृत प्रस्तुतियां दी गई जिनका चयन कमेटी द्वारा किया गया। चयन कमेटी में शामिल सेवा निवृत प्रधानाध्यापक प्रकाश चंद खटीक जवाहर नवोदय विद्यालय के संगीत शिक्षक वेदप्रकाश केंद्रीय विद्यालय के संगीत शिक्षक नवल किशोर मिश्र मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा सिंह एवं सौरभ नेमा ने समस्त विद्यालयों की प्रस्तुतियों का अवलोकन कर निर्णय पर मुहर लगाई। एमएलबी स्कूल में प्रातः 11 बजे से प्रारम्भ हुई चयन प्रक्रिया दोपहर 3 बजे तक संपन्न हुई जिसमें शिशु स्तर से 4 प्राथमिक स्तर से 5 माध्यमिक स्तर से 7 हाई स्कूल स्तर से 3 एवं हायर सेकेंडरी स्तर से 2 विद्यालयों ने प्रतिभागिता की चयन कार्यक्रम में शामिल विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति नृत्य प्रस्तुत किये विभिन्न मानक स्तरों पर परीक्षण उपरांत चयन कमेटी के निर्णय अनुसार शिशु स्तर पर साईं वेली प्ले स्कूल हटा संजय गाँधी स्मृति शिशु मंदिर हटा एवं वृंदावन पब्लिक स्कूल हटा प्राथमिक स्तर पर साईं वेली प्ले स्कूल हटा केरियर कान्वेंट स्कूल हटा एवं संजय गाँधी स्मृति शिशु मंदिर हटा माध्यमिक स्तर पर पी एम श्री एम एल बी हायर सेकेंडरी स्कूल हटा संजय गांधी स्मृति शिशु मंदिर हटा एवं सरस्वती शिशु मंदिर हटा हाई स्कूल स्तर पर कन्या हाई स्कूल हटा सरस्वती शिशु मंदिर हटा एवं सी एम राइज स्कूल हटा जबकि हायर सेकेंडरी स्तर पर एकमात्र प्रस्तुति के लिए पी एम श्री एम एल बी हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रस्तुति का चयन किया गया। समिति संयोजक पी सी खटीक ने चयनित कार्यक्रमों की घोषणा की कार्यक्रम का संचालन जनशिक्षक संदीप सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीईओ बीएल विदोल्या बीआरसी एमएल अहिरवार अमित सोनी विनोद खटीक सहित बड़ी संख्या में शासकीय अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों और प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## विशेष टीकाकरण कैचअप अभियान जनवरी से मार्च तक तीन चरणों में होगा आयोजित

**दमोह।** जिले में टीकों से छूटे बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण कैचअप अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। अभियान के प्रथम चरण की शुरूआत आज जिले में 26 विशेष टीकाकरण सत्रों के आयोजन के साथ की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके अठया ने बताया कि यह अभियान विशेष रूप से उन बच्चों के लिए है जो पेंटावेलेंट-1, एमआर-1/2 एवं पूर्ण टीकाकरण से छूट गए हैं, ताकि उन्हें समय से सुरक्षा प्रदान की जा सके। इस संबंध में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विक्रांत चौहान ने बताया कि एचएमआईएस रिपोर्ट नवंबर 2025 तक एवं डब्लूएचओ मॉनीटर्स द्वारा की गई फील्ड मॉनीटरिंग में यह पाया गया कि जिले सहित प्रदेश के 44 जिलों एवं 165 विकासखण्डों में टीकाकरण की उपलब्धि वर्ष 2024 की तुलना मे कम रही है। फील्ड मॉनीटरिंग के दौरान पेंटावेलेंट एवं एमआर टीकों से वंचित बच्चों को चिन्हित किया गया है। इसी क्रम में आज जिले के तीन विकासखण्ड बटियागढ़ में 15 सत्र, तेन्दूखेड़ा में 08 सत्र एवं पटेरा विकासखंड के कुम्हारी सेक्टर में 03 विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किये गये, जहॉ यू-विन पोर्टल की ड्यू लिस्ट के अनुसार पात्र बच्चों का निःशुल्क टीकाकरण किया गया।


### विशेष टीकाकरण कैचअप अभियान तीन चरणों में

विशेष टीकाकरण कैचअप अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाएगा। प्रथम चरण 19 से 24 जनवरी, द्वितीय चरण 16 से 21 फरवरी और तृतीय चरण 16 से 25 मार्च तक। अभियान सप्ताह के 4 दिवस नियमित टीकाकरण दिवस मंगलवार और शुक्रवार को छोड़कर आयोजित होगा।

### जिले के अंतिम छोर बोदा मानगढ़ की घाटी की हालत सबसे चिंताजनक

## पगडंडी से बदतर सड़कें, आदिवासी गांव अब भी विकास से कोसों दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर





जनपद जबेरा के आदिवासी बहुल पहाड़ी अंचलों तक पहुंचने वाले मार्ग आज भी उपेक्षा और बदहाली की तस्वीर बयां कर रहे हैं देवतरा गांव को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से टूट-फूटकर पगडंडी से भी बदतर स्थिति में बदल चुकी है जबकि तीन दशक पहले तैयार की गई तेलन मार्ग घाटी अब बड़े गड्ढों और पथरीली ढलानों के कारण आमजन के लिए खतरे में बदल गई है जिले के अंतिम छोर बोदा मानगढ़ की घाटी की हालत सबसे चिंताजनक है उखड़े पत्थर गहरी खुदान और फिसलन भरे मोड़ों के कारण छोटे वाहन तक इन क्षेत्रों में पहुंचना जोखिम भरा मानते हैं वहीं आपातकालीन एंबुलेंस सेवा 108 और जननी एक्सप्रेस इन गांवों के भीतर प्रवेश नहीं कर पाती जिससे चिकित्सा जरूरतों के समय ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ जाती है बीमारों और प्रसूता महिलाओं को परिजन आज भी खाट और चारपाई पर लिटाकर कई किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि सड़क केवल आने-जाने का जरिया नहीं बल्कि जीवनरेखा है शिक्षा रोजगार बाजार और अस्पताल की पहुंच इसी पर निर्भर है और सड़क न होने का अर्थ है विकास का कागजों तक सीमित रह जाना माला पौंडी लिंक रोड का करीब डेढ़ किलोमीटर घाटी मार्ग वर्षों से अधर में लटका है जबकि ढाई किलोमीटर लंबी तेलन घाटी सड़क का टेंडर स्वीकृत हो जाने के बावजूद कार्य शुरू नहीं सका क्योंकि यह पूरा हिस्सा रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के बफर जोन में आता है वाइल्डलाइफ नियमों के चलते निर्माण की आगे की कार्रवाई अनुमतियों पर निर्भर है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के उपयंत्री मुकेश पांडे बताते हैं कि घाटी मार्ग के लिए विभागीय प्रपोजल तैयार कर भेज दिया गया है अनुमति मिलते ही सड़क निर्माण का कार्य आगे बढ़ाया जाएगा यही स्थिति बोदा मानगढ़ घाटी की भी है जहां ग्रामीण हर वर्ष निर्माण की उम्मीद करते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर बदलाव देखने को नहीं मिलता बीते वर्ष गर्मियों में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए थे हालांकि महीनों गुजरने के बाद भी स्थितियां जस की तस हैं

स्थानीय निवासियों की मांग स्पष्ट है कि सड़क निर्माण पूरा हो तभी वनांचल के गांव मुख्यधारा से जुड़ पाएंगे शिक्षा स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसर इन पहाड़ियों तक तभी पहुंचेंगे वरना दशकों से चला आ रहा संघर्ष इन खतरनाक और पथरीले रास्तों के बीच यूं ही भटकता रहेगा।

## दबिश देकर 7 पेटी देशी शराब सहित कार जब्त

### तेजगढ पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ




तेंजगढ पुलिस ने मुखविर की सूचना पर दविश देकर एक कार सहित 7 पेटी देशी शराब जप्त की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक चार पहिया वाहन मे अवैध शराब परिवहन कर झलोन की तरफ ले जाई जा रही है। जो थाना प्रभारी तेजगढ़ उपनिरी. अरविन्द सिंह ठाकुर ने टीम बनाकर तेजगढ झलोन रोड साज वाली झील के पास दबिश देकर चार पहिया आई 20 वाहन क्र. यूपी 14 बीवाए 5949 को घेरा बन्दी कर रोका गया जिसमे दो व्यक्ति सवार थे। इनमें सत्यम सिंह लोधी पिता नबल सिह लोधी उम्र 19 साल निवासी ग्राम वंशीपुर एवं शेरा सिह लोधी पिता रज्जन सिंह लोधी उम्र 21 साल निवासी जरारी कालोनी थाना जबेरा जिला दमोह का होना बताया। कार की तलाशी लेने पर 5 पेटी लाल मसाला एवं 2 पेटी देशी प्लेन मदिरा कुल मात्रा 63 लीटर शराब कीमती करीब 33000 रूपये की पाई गई। शराब के सम्बन्ध मे आरोपीयो द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर उक्त शराब एवं फोर व्हीलर आई 20 गाडी कीमती करीब 4 लाख रूपये की जप्त की गई, एवं अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्द कर विवेचना में लिया गया। इस टीम में प्र.आर. रघुराज सिंह, आर. चैन सिंह, आर प्रवीण कुमार पटैल, आर हरिसिंह शामिल रहे।

## स्कूली बच्चों एवं आमजन को यातायात के नियम सिखाये



**हिंडोरिया।** स्थानीय पुलिस ने बस स्टैंड पर स्कूली बच्चो, यात्रियों एवं आम नागरिकों को यातायात के नियमों और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। जिसमें हेल्मेट,सिंगल क्रॉसिंग का पालन करना सिखाया। नाबालिक द्वारा वाहन न चलाने और आपात स्थिति में तुरंत पुलिस नं.112 को सूचित करने को कहा । एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी , टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय ने बच्चों को यातायात संकेतों का पालन करने सड़क पर बायीं ओर चलने, दोपहिया वाहन चलते समय हेलमेट पहनने आदि की महत्वपूर्ण जानकारी दी । इसके साथ ही बताया कि चलते वाहन से हाथ या सिर बाहर न निकाले।उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी एवं आम नागरिकों के भविष्य को सुरक्षित रखना एवं उन्हें अपने देश एवं कर्तव्यों के प्रति सचेत कर एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना भी है। उक्त अवसर पर आरक्षक चंद्रकांत पांडे, आरक्षक दीपचंद अहिरवार, सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## गाड़ाघाट में लगा जनसमस्या निवारण शिविर, मौके पर कई प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में ग्राम पंचायत गाड़ाघाट में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का जायजा लेने जिला पंचायत निर्वाचित सदस्य साहिल सिंह भी पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण को लेकर चर्चा की। कलेक्टर श्री कोचर द्वारा पूर्व में घोघरा गांव के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जन चौपाल भी आयोजित की गई थी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनके माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किए गए। पंचायत विभाग से समग्र सामाजिक अधिकारी सुनील सेन एवं लिपिक तिलक चौहान द्वारा पेंशन स्वीकृति, समग्र आईडी, आधार अपडेट जैसी सेवाओं में ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। शिक्षा विभाग से विकासखंड अधिकारी आई.एल. अठ्या, बीआरसी दिलीप उपाध्याय एवं जन शिक्षक अनूप श्रीवास्तव उपस्थित रहे। अभिभावकों द्वारा शाला में शौचालय मरम्मत, बाउंड्री वॉल निर्माण सहित अन्य शैक्षणिक सुविधाओं को लेकर जानकारी दी गई। राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल ने 20 पात्र बीपीएल हितग्राहियों के लिए राशन कार्ड जारी करने के आदेश दिए। कृषि विभाग से डी.के. साहू एवं बलवंत अजवानी उपस्थित रहे। चिकित्सा विभाग की ओर से डॉ. बसंत एवं दीपक तंतुवाय द्वारा लगभग 50 लोगों की बीपी, शुगर, ब्लड जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। पशु चिकित्सा विभाग से सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रिंसी राय द्वारा केसीसी के 7 फॉर्म भरवाए गए तथा 10 पशुपालकों को दवाइयां वितरित की गईं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत राहुल परिहार, अखिलेश शुक्ला एवं रविकांत राजपाल ने ग्रामीणों को जल-कर के प्रति जागरूक करते हुए प्रति उपभोक्ता ₹100 प्रतिमाह राशि जमा करने की अपील की।

विद्युत विभाग से राहुल साहू एवं मानसिंह ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने का आग्रह किया, जिससे किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। शिविर के सफल संचालन में सरपंच हजारी यादव, सचिव गणेश सेन, रोजगार सचिव वीरेंद्र चक्रवर्ती सहित पंचायत अमले ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## दो पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बटियागढ।** थाना क्षेत्र में आने वाले केरबना चौकी क्षेत्र में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा लगातार अवैध शराब पकड़वाई जा रही है। बता दें कि आरोपी सुंदर रैकवार निवासी कैथौरा खडेरी शराब दुकान में करता है जिसके चलते केरबना चौकी क्षेत्र में आने वाले सभी गांवों में धड़ल्ले अवैध शराब फैलाता है चौकी के सामने शराब लेकर भी निकलता है। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने आज फिर गूगरा गांव के पास सुंदर रैकवार निवासी कैथौरा के कब्जे से 02 पेटी अबैध शराब मोटरसाइकिल वाहन सहित जप्त करवाई। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरोपी सुंदर रैकवार लगातार क्षेत्र में अवैध शराब सप्लाई करता है जिसके चलते हम सभी संगठन के कार्यकर्ताओं ने कम से कम 10 या 12 बार पकड़ चुकें हैं कार्यवाही होने के बाद पुलिस तत्काल छोड़ देती है फिर से आरोपी शराब फैलाने लग जाता है जयकुमार नामदेव महेंद्र का कहना है कि ऐसे आरोपी पर जिला बदल की कार्यवाही होना चाहिए ताकि क्षेत्र में शराब सप्लाई ना हो सके। केरबना चौकी प्रभारी शिवनारायण यादव का कहना है कि हमारे द्वारा कार्यवाही की जाती है इस बार भी कार्यवाही की गई है।

## युवाओं ने की स्वतंत्रता शहीद स्तंभ की सफाई



**दमोह।** नगर के टाउन हॉल परिसर में स्थित स्वतंत्रता शहीद स्तंभ की स्वच्छता का सराहनीय कार्य युवाओं द्वारा किया गया। भारत रक्षा मंच एवं जागरूक युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के तहत शहीद स्तंभ एवं उसके आसपास के पूरे परिसर की साफ-सफाई की गई। अभियान के दौरान सावुन वाला एक्सपर्ट क्लीनर के द्वारा केमिकल का उपयोग करते हुए प्रेशर मशीन से स्तंभ और परिसर को पानी से धोया गया, जिससे वर्षों की जमी गंदगी हटाई जा सकी। इस अवसर पर अभिषेक सोनी, जिला संयोजक भारत रक्षा मंच ने कहा कि स्वतंत्रता शहीद स्तंभ हमारे देश के अमर बलिदानियों की स्मृति का प्रतीक है। अखिलेश सिंह, जिला संयोजक जागरूक युवा संघ ने कहा कि युवा जब आगे बढ़कर सामाजिक दायित्व निभाते हैं, तभी सकारात्मक बदलाव संभव होता है। सफाई अभियान में मृत्यंजय पाठक रोशन पाठक की सहभागिता रही।

## बुंदेली मेला में बिखरी सांस्कृतिक छटा, दिन भर हो रहे आयोजन

**दमोहः।** बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली मेला के चौथे दिन सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं खेल गतिविधियों की भव्य श्रृंखला देखने को मिली। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, वहीं खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत आयोजित योगासन प्रतियोगिता में युवाओं ने अपने उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन किया। मेले के सांस्कृतिक मंच पर सौभाग्य सागर स्कूल दमोह, आदर्श हाई स्कूल दमोह, उच्चतर माध्यमिक शाला बनवार तथा राइट बे पब्लिक स्कूल पटेरा के विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रभारी रोजी बग्गा,नर्मदा सिंह एकता के निर्देशन में लगभग 35 प्रतिभागियों ने रंगोली के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिसमें प्रथम मेघा सोनी ,द्वितीय मोली जुनेजा, एवं तृतीय शरणाली वैद्य,स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। शाम के सत्र में दिनेश प्यासी के निर्देशन में "नृत्य श्री" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चयनित प्रतिभागियों ने विविध नृत्य शैलियों में प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। इसी क्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा बुंदेली गौरव न्यास समिति के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत चतुर्थ दिवस योगासन प्रतियोगिता का सफल आयोजन तहसील मैदान में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन सहित अन्य योगासनों का सटीक, अनुशासित एवं संतुलित प्रदर्शन किया। निर्णायकों द्वारा संतुलन, शारीरिक नियंत्रण, प्रस्तुति एवं समयबद्धता के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम राज कुर्मी, दीपक पटेल, जय विश्वकर्मा,द्वितीय अंश यादव, यशवंत मिश्रा, सूर्यांश चौरसिया तृतीय शुभम अहिरवाल, कौशल पटेल, वैभव विश्वकर्मा,वहीं बालिका वर्ग में प्रथम निशि कुर्मी,द्वितीय श्रेया सिंह, तृतीय महक चौरसिया प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आयोजन स्थल पर आर्चरी खेल का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। खेलो एमपी यूथ गेम्स के माध्यम से जिले के युवा खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिल रहा है। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी आगामी संभागीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों ने बताया कि मेले के अंतर्गत आज आनंद मेला एवं व्यंजन मेला का आयोजन किया जाएगा, साथ ही अन्य मनोरंजक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे।



## पात्र हितग्राही को सहायता राशि का चेक दिया

**दमोह।** पटेरा ब्लॉक की प्रसूति सहायता योजना से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायत कलेक्टर समाधान में दर्ज थी। सीबीएमओ पटेरा डॉ. उमाशंकर पटेल ने जानकारी देते हुए बताया आज शिकायत का निराकरण ब्लॉक हटा द्वारा चेक के माध्यम से 10 हजार 600 रूपये की राशि का चेक प्रदाय किया गया। पात्र हितग्राही को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

### जिला स्तरीय स्टेचयरिंग समिति की बैठक संपन्न

## छात्रावास, मध्याह्न भोजन, मेस में वितरित किए जाने वाले भोजन की नियमित गुणवत्ता जांच की जाए: कलेक्टर

### इंडियन काफी हाउस की ब्रांच खुलवाने हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन को इंडियन काफी हाउस प्रबंधन से समन्वय स्थापित करने के दिए गये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 का जिले में त्वमरित एवं प्रभावी क्रियान्वेयन पर्यवेक्षण निगरानी मूल्यांकन तथा नियामक प्रावधानों का पालन कराने के उददेश्य से जिला स्तनरीय स्टे यरिंग समिति की बैठक कलेक्टिर एवं जिला स्ततरीय स्टेयरिंग समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर की अध्यतक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सभी अधिकारीगण एवं नामांकित सदस्यों की उपस्थिति में अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बैठक का एजेण्डाो बिंदुबार प्रस्तुमत किया। जिस पर कलेक्टर श्री कोचर द्वारा निम्नासनुसार आवश्याक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टार श्री कोचर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रावास, मध्यान्हद भोजन, मेस में वितरित किए जा रहे भोजन की गुणवत्तो जांच करने के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए । उन्होंने मौसमी खाद्य पदार्थों के निरंतर नमूना संग्रहण, निरीक्षण करने एवं जांच में अमानक, मिथ्याछाप पाए गए नमूनों की गुणवत्ता मानकों की जानकारी जिले के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं में प्रसारित करने विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों पर पाई गई कमियों को दूर करने, सुधार सूचना नोटिस का शत प्रतिशत परिपालन करने के साथ पुनः नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिले में इंडियन काफी हाउस की ब्रांच खुलवाने हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन को इंडियन काफी हाउस प्रबंधन से समन्वय स्थापित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा स्थानीय स्तर पर लगने वाले मेले एवं हाट बाजार में लगने वाली खाद्य दुकानों की जांच सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री कोचर ने ए.डी.एम कोर्ट द्वारा अधिरोपित अर्थदंड की शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग को दिए । उन्होंने ईट राइट चैलेंज प्रतियोगिता के सभी लक्ष्य को समय पर पूर्ण करने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी खाद्य कारोबारियों को अनिवार्य रूप से फूड रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस प्राप्त करने एवं फोस्टैक ट्रेनिंग के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया ।

## युवक ने घर में ही फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



नगर के वार्ड क्रमांक 6 में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक द्वारा घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकर अपनी जान देदी है। सुबह जब परिजन ने खिडकी से देखा की युवक फंदे लटका हुआ जिसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम पिता गिन्दी अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 थाना तेंदूखेड़ा है ने अपने ही घर में अज्ञात कारण के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों की सूचना पर थाने से एएसआई गजरात ठाकुर एवं प्रधान आरक्षक रवि सेन मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया व पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है कि मृतक की मां पाटन क्षेत्र में मजदूरी करने गई थी और मृतक प्रेम अहिरवार घर पर अकेला था उसके बाजू से ही बड़े भाई रहता है लेकिन किसी को कोई भनक नहीं लगी सुबह जब बड़े भाई ने प्रेम को चाय पीने के लिए बुलाया तो वह उठा नहीं जिसके बाद भाई ने खिड़की से देखा तो प्रेम फांसी के फंदे से लटका हुआ था।